# ड्रैगन को घेरने में मदद करे भारत: तारो कोनो

## जापान की सुरक्षा के लिए खतरा बना चीन

हिमाकत

- रक्षा मंत्री होने के नाते मैं यह कहना चाहता हूं कि चीन सुरक्षा खतरा बन गया है
- चीन का मुकाबला करने के लिए व्यापक क्षेत्रीय तंत्र बनाने का सुझाव दिया



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

टोक्यो। पूर्वी चीन सागर में चीनी युद्धपोतों की बढ़ती घुसपैठ से परेशान जापान ने भारत से सहयोग बढ़ाने का प्रस्ताव दिया है। जापान के रक्षा मंत्री तारो कोनो ने चीन के विस्तारवादी नीतियों का मुकाबला करने के लिए व्यापक क्षेत्रीय तंत्र बनाने का सुझाव दिया है। उन्होंने कहा कि रक्षा मंत्री होने के नाते मैं यह कहना चाहता हूं कि चीन जापान के लिए सुरक्षा खतरा बन गया है। जापानी विदेश मंत्री का यह बयान ऐसे समय पर आया है जब भारत–चीन तनाव अपने चरम पर है। जापानी रक्षा मंत्री ने कहा कि चीन के पास क्षमता भी और उसका यह इरादा भी है। उन्होंने कहा कि इंडो–पैसफिक क्षेत्र में भारत जापान सहयोग करें। उन्होंने कहा, हमें चीन को अंतरराष्ट्रीय नियमों और मानकों का उल्लंघन करने पर कुछ अतिरिक्त कीमत चुकाने के लिए मजबूर करना होगा।

जापानी रक्षा मंत्री ने यह भी कहा कि जापान और अमेरिका इसे अकेले नहीं कर सकते हैं। बता दें कि जापानी प्रधानमंत्री के इस्तीफा देने के बाद कानो के प्रधानमंत्री बनने की संभावना है।

कानो ने कहा, हमें वैश्विक समुदाय के साथ मिलकर काम करना होगा। इसलिए एक बड़ा क्षेत्रीय तंत्र या वैश्विक तंत्र बनाया जाना जरूरी है। इससे पहले जापानी सरकार ने देश के रक्षा श्वेत पत्र 2020 में चीन और उत्तर कोरिया को संभावित खतरा बताया था। इतना ही नहीं, जापान की सरकार ने यह भी कहा कि चीन स्थानीय समुद्रों में क्षेत्रीय दावे करने की पुरजोर कोशिश कर रहा है। इस समय चीन और जापान में ईस्ट चाइना सी में स्थित द्वीपों को लेकर तनाव चरम पर है। ऐसे समय में जापान के इस बयान से एशिया में तनाव और गहराने के आसार हैं।

**दादागिरी के लिए कोरोना का उपयोग कर रहा चीन:** जापान ने कहा कि चीन अपने प्रभाव का विस्तार करने और सामरिक वर्चस्व कायम करने के लिए कोरोनो वायरस महामारी का भी उपयोग कर रहा है। इस कारण जापान और इस क्षेत्र के लिए एक बड़ा खतरा पैदा हो गया है। पूर्वी चाइना सी को लेकर चीन का सभी पड़ोसी देशों से विवाद है। इसे दबाने के लिए चीनी नेवी इस क्षेत्र में लगातार युद्धाभ्यास भी कर रही है। जिसके कारण आसपास के देशों को जानबूझकर समुद्र में जाने से रोका जा रहा है।

## न्यूज डायरी



### रूस में संयुक्त सैन्य अभ्यास का हिस्सा होंगे चीन एवं अन्य देश

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बीजिंग। आर्मेनिया, बेलारूस, ईरान, म्यामां, पाकिस्तान और अन्य देशों के साथ चीनी और रूसी बल इस महीने दक्षिणी रूस में होने वाले संयुक्त सैन्य अभ्यास में शामिल होंगे। चीन के रक्षा मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को एक विज्ञप्ति में बताया कि 'कॉकस 2020' अभ्यास में पहिए वाले वाहन और हल्के हथियार तैनात किए जाएंगे, जिन्हें चीन के नए संस्करण के परिवहन विमान अभ्यास स्थल लेकर जाएंगे। मंत्रालय ने बताया कि 21 से 26 सितंबर तक चलने वाले अभ्यास के दौरान रक्षात्मक रणनीति, घेरेबंदी, युद्धक्षेत्र नियंत्रण और कमान पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। उसने कहा कि ये अभ्यास चीन और रूस के संबंधों के लिए ऐसे समय में विशेष महत्व रखते हैं, "जब पूरी दुनिया वैश्विक महामारी से जूझ रही है।" चीन में पिछले कुछ सप्ताह से घरेलू स्तर पर कोरोना वायरस संक्रमण का कोई मामला सामने नहीं आया है, जबकि रूस में नए मामले सामने आ रहे हैं।

### नवाज शरीफ ने कहा, पाकिस्तान वापसी के लिए सेहत ठीक नहीं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद, पीटीआइ। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की ओर से इस्लामाबाद हाई कोर्ट में पुनर्विचार अर्जी दी गई। इसमें उन्होंने कहा कि उनकी सेहत ठीक नहीं है। वह अभी लंदन से स्वदेश लौटने की स्थिति में नहीं हैं। हाई कोर्ट ने गत एक सितंबर को शरीफ को अंतिम मौका देते हुए कहा था कि वह दस सितंबर तक उसके समक्ष आत्मसमर्पण कर दें। कोर्ट ने यह आदेश भ्रष्टाचार से जुड़े अल–अजीजिया स्टील मिल्स मामले में दिया था। इस मामले में 70 वर्षीय शरीफ को सात साल जेल की सजा मिली है। शरीफ को गत नवंबर में हृदय रोग के उपचार की खातिर चार हफ्ते के लिए लंदन जाने की अनुमति मिली थी, लेकिन तब से वह स्वदेश नहीं लौटे। डॉन अखबार के अनुसार, शरीफ की ओर से पेश हुए वकील ख्वाजा हैरिस ने हाई कोर्ट में पुनर्विचार अर्जी और पूर्व प्रधानमंत्री की मेडिकल रिपोर्ट दाखिल की।

### ईरान की सेना ने हरमूज के जलडमरूमध्य के निकट सैन्य अभ्यास शुरू किया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तेहरान। ईरान की सेना ने रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हरमूज जलडमरूमध्य के निकट बृहस्पतिवार से तीन दिन का सालाना नौसैनिक अभ्यास शुरू किया। सरकारी टीवी ने इसकी खबर दी है। खबर में बताया गया है कि नौसेना, वायुसेना और थल सेना की इकाइयों ने ओमान की खाड़ी में सैन्य अभ्यास में हिस्सा लिया। जानकारी में यह भी बताया गया कि इस अभ्यास के दौरान पनडुब्बियों और ड्रोनों का भी इस्तेमाल किया गया। सालाना सैन्य अभ्यास के प्रमुख एडमिरल हबीबुल्ला सय्यारी ने बुधवार को बताया कि सैन्य अभ्यास का मकसद "विदेशी खतरों और किसी भी संभावित आक्रमण से निपटने की तैयारी में सुधार लाना है। ईरान की नौसेना ओमान की खाड़ी में होने वाले सभी अभियानों का आयोजन हरमूज जलडमरूमध्य के पूर्वी हिस्से में करती है।

### शौचालय करने बैठे एक युवक के प्राइवेट पार्ट में जहरीले सांप ने काट लिया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बैंकाक। थाईलैंड में शौचालय करने बैठे एक युवक के प्राइवेट पार्ट में जहरीले सांप ने काट लिया। युवक को तत्काल हॉस्पिटल ले जाना पड़ा। बताया जा रहा है कि युवक टाइलेट के ऊपर जैसे ही बैठा उसे प्राइवेट पार्ट में दर्द महसूस हुआ। जब उसने टाइलेट के अंदर देखा तो नीचे से सांप ने उसके पेनिस को जकड़ लिया था और हर तरफ खून बह रहा था। पीड़ित युवक सिराफोप मसुकारत (18) सांप काटने से दहशत में आ गए। सिराफोप तत्काल वहां से भाग खड़े हुए और बाद में उनकी मां उन्हें संभाला। सिराफोप को बांग येई हॉस्पिटल ले जाया गया और डॉक्टरों ने किसी तरह से खून निकलना बंद किया। घटना राजधानी बैंकाक से 13 मील उत्त्तर की है। डॉक्टरों ने सिराफोप के पेनिस पर तीन टांके लगाए हैं। उन्हें एंटीबायोटिक दवाएं भी दी गई हैं ताकि बैक्टिरिया को मारा जा सके।

## पाकिस्तान ने पैदा किए खालिस्तानी आतंकी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

ओटावा। भारत के पंजाब प्रांत में सक्रिय खालिस्तानी आतंकियों को पाकिस्तान ने पैदा किया था और ये आतंकी अब न केवल भारत बल्कि कनाडा के राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बन गए हैं। कनाडा के एक प्रमुख थिंक टैंक एमएल इंस्टीट्यूट ने अपनी रिपोर्ट में इसका खुलासा किया है। इंस्टीट्यूट ने कहा कि खालिस्तान पाकिस्तान का प्रॉजेक्ट है और इसे कनाडा में ठग और राजनीतिक चालबाजों ने जिंदा रखा है।

वरिष्ठ पत्रकार टेरी मिलेवक्सी ने अपनी रिपोर्ट खालिस्तान ए प्रॉजेक्ट ऑफ पाकिस्तान में कहा कि खालिस्तान आंदोलन कनाडा और भारत दोनों की ही सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बन गया है। खालिस्तानी आतंकियों ने 35 साल पहले एयर फ्लाइट में विस्फोट कर दिया था जो 9/11 के हमले से पहले हवाई यात्रा की दुनिया में सबसे बड़ा हमला था। टेरी ने कहा, यह स्पष्ट है कि पाकिस्तान लगातार खालिस्तान आंदोलन को समर्थन दे रहा है।

टेरी ने कहा कि इस आंदोलन के बाद भी सच्चाई यह है कि कनाडा के सिख इस आंदोलन के जरिए अपने गृह राज्य पंजाब नहीं जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कनाडा के लोगों के लिए पाकिस्तान का यह कदम बड़ा राष्ट्रीय खतरा बन गया है।



## लद्दाख के पास चीनी सेना ने दागी नई मिसाइलें

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेइचिंग। पूर्वी लद्दाख में युद्ध जैसे हालात के बीच चीन ने अपने उत्तरी–पश्चिमी रेगिस्तानी इलाके में नई मिसाइलों का परीक्षण किया है। यही नहीं चीनी सेना ने रात के समय युद्धाभ्यास भी किया। चीन के सरकारी प्रोपेगेंडा अखबार ग्लोबल टाइम्स ने दावा किया कि पीएलए की ब्रिगेड ने पश्चिमोत्तर चीन के रेगिस्तान में लाइव फायर ड्रिल किया। इस दौरान एक नई मिसाइल का परीक्षण किया गया। ग्लोबल टाइम्स ने बताया कि चीनी सेना ने रात के समय में भी हमला करने का अभ्यास किया। चीनी सेना ने रॉकेट दागे और कई तरह के बमों का परीक्षण भी किया। चीन और भारत के बीच पूर्वी लद्दाख में मई से शुरू हुआ तनाव अब और भी गंभीर होता जा रहा है।

## लद्दाख में भारत–चीन तनाव के बीच पाकिस्तानी सेना प्रमुख की धमकी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कमर जावेद बाजवा ने अपने शीर्ष जनरलों के साथ सेना मुख्यालय में बैठक की

इस्लामाबाद। भारत और चीन के बीच पूर्वी लद्दाख में जंग जैसे हालात के बीच ड्रैगन का आयरन ब्रदर पाकिस्तान टू फ्रंट वॉर की तैयारी में जुट गया है। पाकिस्तान के सेना प्रमुख कमर जावेद बाजवा ने बुधवार को अपने शीर्ष जनरलों के साथ रावलपिंडी स्थित सेना मुख्यालय में बैठक की। इस बैठक में जनरल बाजवा ने कहा कि पाकिस्तानी सेना रणनीतिक और क्षेत्रीय हालात को ध्यान में रखते हुए जंग की अपनी तैयारी के स्तर को बढ़ा दे।

पाकिस्तानी सेना प्रमुख ने कहा, देश के हितों के खिलाफ पाकिस्तान विरोधी तत्वों के पांचवीं पीढ़ी के युद्ध कौशल और हाइब्रिड वॉरफेयर को देखते हुए सेना सरकार की नीतियों के साथ मिलकर देश की रक्षा करे। पाकिस्तानी सेना प्रमुख ने आरोप लगाया कि भारत लगातार सीजफायर का उल्लंघन कर रहा है जो क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए बड़ा खतरा है।

पिछले दिनों पाकिस्तान के डिफेंस डे और शहीद दिवस पर रावलपिंडी में आयोजित कार्यक्रम में जनरल बाजवा ने कहा था कि हम पांचवीं पीढ़ी या हाइब्रिड का सामना कर रहे हैं। इसका उद्देश्य पाकिस्तान और सेना को बदनाम करना तथा अव्यवस्था पैदा करना है। उन्होंने कहा, हम इस खतरे से वाकिफ हैं और देश की मदद से इस जंग को निश्चित रूप से जीतेंगे।श भारत का नाम लिए बिना बाजवा ने कहा कि अगर हमारे ऊपर युद्ध थोपा गया तो हम हर एक आक्रामक कार्रवाई का करारा जवाब देंगे।

हाइब्रिड वॉरफेयर एक व्यापक सैन्य रणनीति है जिसके जरिए दुश्मन देश में राजनीतिक युद्ध, मिश्रित परंपरागत युद्ध और साइबर युद्ध को अंजाम दिया जाता है। साइबर युद्ध में फेक न्यूज, कूटनीति और चुनावी हस्तक्षेप के जरिए दुश्मन को प्रभावित करने प्रयास किया जाता है।

## उत्तरी कैलिफोर्निया में जंगल में लगी आग से तीन लोगों की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ओरोविल। उत्तरी कैलिफोर्निया में जंगल में लगी आग से तीन लोगों की मौत हो गई और हजारों लोग अपने घरों को छोड़ने को मजबूर हो गए। बुट्टे काउंटी के शेरिफ कोरी होनिया ने बुधवार को बताया कि दो लोगों के शव एक स्थान पर मिले हैं जबकि तीसरे व्यक्ति का शव किसी अन्य स्थान पर मिला है। हालांकि उन्होंने इसके बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी जबकि कैलिफोर्निया राजमार्ग गश्त अधिकारी बेन ड्रेपर ने 'बे एरिया न्यूज ग्रुप' को बताया कि एक व्यक्ति का शव कार में मिला है और प्रत्यक्ष तौर पर वह व्यक्ति उस समय आग से बचने की कोशिश कर रहा था। सैन फ्रांसिस्को के उत्तरपूर्वी हिस्से की आग यहां रहनेवाले कई समुदायों के लिए खतरा पैदा कर रही है। तेज हवाओं के साथ यह आग पर्वतीय क्षेत्र और सूखे इलाके के 25 मील क्षेत्र को जला चुकी है। अग्निशमन अधिकारियों ने शाम को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि ऐसा लगता है कि सैकड़ों घर और इमारतें क्षतिग्रस्त या नष्ट हो गई हैं।